**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding discussion and dialogue with experts and affected stakeholders on Policy Reforms

**श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर):** महोदय, केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना भारतीय सेना के आधुनिकीकरण की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है । यह योजना देश की सुरक्षा को और अधिक मजबूत करने के साथ ही देश सेवा व सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराएगी । योजना से भारतीय सेना में युवा शक्ति का विस्तार होगा । प्रशिक्षित, अनुशासित, संस्कारित और देश भक्त युवाओं की टीम तैयार होगी । 4 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात इन अग्निवीरों को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी । मध्य प्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इन अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में प्राथमिकता देने की घोषणा की है । अग्निपथ योजना सैन्य आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होने के बाद भी कृषि क्षेत्र में रिफॉर्म के लिए लाए गए तीनों कानूनों की तरह अग्निपथ योजना का अकारण विरोध चिंतनीय है । सरकार को चाहिए कि रिफॉर्म की घोषणा के पूर्व उस क्षेत्र के विशेषज्ञों से परामर्श एवं प्रभावित लोगों से विमर्श हों जिससे जनहितैषी नीतियों के क्रियान्वयन में कोई भी अवरोध न आए । इससे नकारात्मकता का वातावरण बनाने वालों पर भी अंकुश लगेगा । क्या सरकार इस पर विचार कर रही है?

**माननीय सभापति** : श्री ज्ञानेश्वर पाटिल जी – उपस्थित नहीं ।

श्रीमती रमा देवी जी ।

… (व्यवधान)